भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 3797

09 अगस्त, 2017 को उत्तर के लिए

Bkl vif'k"V ic/ku

3797. श्री विनसेंट एच॰ पालाः

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) में सुधार करने के संबंध में संवितरित निधियों की राज्य–वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या एसबीएम की शुरुआत से ही करोड़ों रुपये के आबंटन के बावजूद भी गुजरात, असम और केरल जैसे कुछ राज्यों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कोई निधि आबंटित/जारी नहीं की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>

(राव इन्द्रजीत सिंह)

(क): स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की शुरूआत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) में सुधार करने हेतु निधियों के संवितरण की राज्य-वार वर्तमान स्थिति अनुलग्नक-। में दर्शाई गई है ।

(ख) और (ग): असम, दादरा और नगर हवेली, दमन और द्वीव, केरल और त्रिपुरा को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) स्कीम के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निधियां जारी नहीं की गई है । इन पांच राज्यों में से असम, दादर और नागर हवेली, दमन और द्वीव तथा त्रिपुरा ने आज की तारीख तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निधियां की मांग नहीं की है जबकि केरल ने अपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत किया है ।

दिनांक 9.8.2017 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं0 3797 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-I

एसबीएम (यू) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जारी की गई निधियों की स्थिति (आज की तारीख तक)

(करोड़ रू0 में)

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम	मिशन आबंटन	जारी धनराशि
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2.50	0.0648
2	आंध्र प्रदेश	308.54	206.9900
3	अरुणाचल प्रदेश	7.25	6.8400
4	असम	76.76	0.0000
5	बिहार	259.96	107.9700
6	चंडीगढ़	22.24	2.4717
7	छत्तीसगढ़	131.53	57.7882
8	दादरा और नगर हवेली	2.27	0.0000
9	दमन और दीव	1.57	0.0000
10	दिल्ली	263.68	63.1100
11	गोवा	9.29	5.9284
12	गुजरात	536.22	268.1100
13	हरियाणा	181.80	57.6550
14	हिमाचल प्रदेश	15.22	9.1000
15	जम्मू और कश्मीर	67.99	10.9000
16	झारखंड	122.68	65.3690
17	कर्नाटक	512.52	57.2550
18	केरल	121.35	0.0000
19	मध्य प्रदेश	434.01	301.7500
20	महाराष्ट्र	1081.84	57.5600
21	मणिपुर	14.72	9.6100
22	मेघालय	8.69	2.9800
23	मिजोरम	13.22	8.2100
24	नागालैंड	11.69	6.6800
25	ओडिशा	138.05	18.9795
26	पुडुचेरी	17.30	2.1200
27	पंजाब	220.97	23.0000
28	राजस्थान	363.46	344.2600
29	सिक्किम	3.42	2.5200
30	तमिलनाडु	689.87	205.0100
31	तेलंगाना	223.43	91.0200
32	त्रिपुरा	15.51	0.0000
33	उत्तर प्रदेश	940.91	37.5600
34	उत्तराखंड	57.57	5.0000
35	पश्चिम बंगाल	487.79	87.9800

***